Nai Dunia (Indore), 21st March 2023, Nai Dunia City, Page-01

# देश का 'वर्तमान' आज जानेगा 'इंदौर का इतिहास'

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत होने वाले भारत सरकार के युवा संगम कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार से हो रही है। सोमवार रात 35 युवा प्रतिनिधि आइआइटी इंदौर परिसर पहुंचे। मंगलवार को टीम के सदस्य राजवाड़ा जाएंगे और इसके इतिहास को जानेंगे। इसके बाद टीम सेंट्रल संग्रहालय जाएगी। 25 मार्च तक प्रतिनिधि प्रदेश के विभिन्न स्थलों का भ्रमण करेंगे।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर युवा संगम की मेजबानी कर रहा है। संस्थान के अधिकारी प्रतिनिधियों को विभिन्न जगहों पर ले जाकर वहां की जानकारी दे रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना और पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं और शेष भारत के बीच सहानुभूति पैदा करना है। इसमें पूर्वोत्तर से 11 उच्च शिक्षा संस्थानों और देश के बाकी हिस्सों से 14 संस्थानों को पारस्परिक यात्राओं के लिए जोड़ा गया है। आइआइटी इंदौर को मध्य प्रदेश राज्य के लिए नोडल संस्थान के रूप में नामित किया गया है और इसे मणिपुर के साथ जोड़ा गया है। आइआइटी इंदौर ने प्रतिनिधियों के पूरे दौरे की योजना बना ली है। सोमवार रात को प्रतिनिधि भी आइआइटी इंदौर परिसर में पहुंच चुके हैं ।पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्क के बहुआयामी प्रदर्शन के लिए यात्रा कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रतिनिधि इंदौर, उज्जैन, भोपाल और ओंकारेश्वर के प्राचीन स्मारकों, शिक्षण संस्थानों, उद्योगों और प्रमुख अधोसंरचनाओं का भ्रमण करेंगे। मध्य प्रदेश राज्य की समृद्ध विरासत, रीति-रिवाज और परंपरा के प्रति इन युवाओं के मन पर एक स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए इस यात्रा की योजना बनाई गई है।

**युवा संगम के प्रतिनिधि आज जानेंगे राजवाड़ा और केंद्रीय संग्रहालय में दर्ज इतिहास**

**आइआइटी इंदौर की देखरेख में 35 युवा प्रतिनिधि प्रदेश की संस्कृति और परंपरा को जानने के लिए विभिन्न स्थानों पर जाएंगे**



मंगलवार को जिस राजवाड़ा को देशभर से आए युवा देखेंगे, वह राजवाड़ा सोमवार को हुई वर्षा में मानो स्वयं को धो-पोंछकर तैयार हो गया। बेमौसम हुई बरसात में जब सड़क पर पानी भर गया, तो सजे-संवरे राजवाड़ा ने इसे आईना बनाकर इसमें अपना चेहरा देख लिया। प्रफुल्ल चौरसिया आशु

## उज्जैन और ओंकारेश्वर भी जाएंगे सदस्य

आइआइटी इंदौर के सूचना अधिकारी कमांडर सुनील कुमार ने बताया कि 21 मार्च को राजवाड़ा, केंद्रीय संग्रहालय के भ्रमण के साथ टीम के सदस्यों को प्रशासन के अधिकारियों से मिलाया जाएगा। 22 मार्च को उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिए सदस्य जाएंगे। 23 मार्च को टीम भोपाल में राजभवन, मुख्यमंत्री आवास और मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान जाएगी। 24 मार्च को पीथमपुर के उद्योगों को जानने के साथ ही आइआइएम इंदौर परिसर का भ्रमण कराया जाएगा। 25 मार्च को सदस्य ओंकारेश्वर जाएंगे और इसी दिन शाम को सिमरोल गांव के ग्रामीणों से मिलेंगे और विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

## इस टूर से युवा भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे

युवा संगम में 30 प्रतिशत पूर्वोत्तर के युवाओं की भागीदारी रहेगी। युवा संगम कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की प्रेरणा है। कार्यक्रम में न सिर्फ स्कूल, कालेज व यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे, बल्कि 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के युवा भी हिस्सा ले सकते हैं। कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक युवा विभिन्न भूमिकाओं में हिस्सा लेंगे। एक भारत, श्रेष्ठ भारत का उद्देश्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत बंधन को मजबूत और पुनर्जीवित करना है। ऐसे में युवा संगम कार्यक्रम से देश के सभी राज्यों के युवाओं को दूसरे राज्यों को जानने-समझने का अवसर मिल रहा है। यह कार्यक्रम राज्यों के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ेगा। साथ ही देश के युवा भी अलग-अलग राज्यों की संस्कृति, विरासत और विकास को देखने में सक्षम हो सकेंगे। यह भारत को एक राष्ट्र के रूप में मजबूती प्रदान करेंगे।